भारतीय शिक्षा बोर्ड
आदर्श कार्य पत्रक – प्रथम इकाई
हिंदी – कक्षा 3
सत्र 2026-27

निर्धारित समय : 1 घंटा **अधिकतम अंक : 20**

निर्देश :

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जांच लें कि इस पत्रिका में कुल मुद्रित पृष्ठ 2 हैं।
- शिक्षकों को छात्रों को प्रश्न समझाने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है। इस दौरान छात्र उत्तर नहीं लिखेंगे।
- इस पत्रिका में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रश्न संख्या 1, 5 एवं 6, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 2 के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 3 के लिए 6 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 4 के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 7 के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।

प्रश्न 1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए– **(2)**

(i) माँ सरस्वती किसके आँगन की तुलसी हैं–

(क) माँ के ☐ (ख) पिता के ☐ (ग) विद्या के ☐

(ii) मत्स्य को कमंडल में किसने रखा?

(क) ऋषि ने ☐ (ख)राजर्षि ने ☐ (ग) संत ने ☐

(iii) आदमी को किस चीज से सबसे अधिक प्यार था?

(क) पत्नी से ☐ (ख) बच्चों से ☐ (ग) सोने के गोले से ☐

(iv) कंजूस को सोना किसने निकाल लिया था?

(क) पड़ोसी ने ☐ (ख) चोर ने ☐ (ग) पत्नी ने ☐

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए– **(3)**

वंदना
सुरसरि
निवेदन
विशालकाय
वेदमती
सतत

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(6)**

(i) संगीत कला की विदुषी कौन है?
(ii) मछली ने राजर्षि मनु की सहायता कैसे की?
(iii) कंजूस और सोना पाठ में धन की क्या उपयोगिता बताई गई है?
(iv) नन्हीं मछली सबसे पहले राजर्षि को कहाँ मिली?

प्रश्न 4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– **(3)**

(i) रोम-रोम में तुम वीणा का ---------------------------------।
(ii) हो प्रभात तुमसे ----------------------------- ।
(iii) दो आशीष ज्ञान ---------------------------- सबकी ।

प्रश्न 5. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए– **(2)**

(i) जो बातें बनाता है।
(ii) जो शरारत करता है।

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए– **(2)**

(i) नीवेदन
(ii) अधीक
(iii) मछलीया
(iv) कमडल

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– **(2)**

(i) धरती
(ii) सागर